भारत सरकार
पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्रालय

राज्य सभा
अतारांकित प्रश्न संख्या: 461
दिनांक 06 **फरवरी**, 2023

हरियाणा और एनसीआर में सीएनजी/पीएनजी की उपलब्धता

461# **श्री कार्तिकेय शर्मा**:

क्या **पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या सरकार द्वारा राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र (एनसीआर) में आने वाले हरियाणा के औद्योगिक क्षेत्रों में गैस पाइपलाइन बिछाने की कोई योजना चलाई जा रही है;
(ख) यदि हां तो तत्संबंधी योजना का ब्यौरा;
(ग) सरकार ने राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र में आने वाले हरियाणा के औद्योगिक क्षेत्रों को सीएनजी और पीएनजी उपलब्ध करवाने हेतु क्या कदम उठाए हैं, तत्संबंधी ब्यौरा क्या है; और
(घ) इन क्षेत्रों में सीएनजी और पीएनजी कब तक उपलब्ध करा दी जाएगी?

उत्तर
पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्रालय में राज्य मंत्री
(**श्री रामेश्वर तेली**)

(क) से (घ) पाइप्ड प्राकृतिक गैस (पीएनजी) कनेक्शन उपलब्ध करवाना और संपीडित प्राकृतिक गैस (सीएनजी) स्टेशनों की स्थापना करना, नगर गैस वितरण (सीजीडी) नेटवर्क के विकास का हिस्सा है और उक्त को पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस विनियामक बोर्ड (पीएनजीआरबी) द्वारा प्राधिकृत कम्पनियों द्वारा किया जा रहा है। 11ए सीजीडी बोली दौर की समाप्ति के बाद, करीब 98% आबादी और कुल 88% भौगोलिक क्षेत्र को कवर करते हुए 28 राज्यों/सं.शा.प्रदेशों के करीब 630 जिलों में फैले 295 भौगोलिक क्षेत्रों (जीएज) में हरियाणा के 18 जीएज शामिल हैं। हरियाणा में सीजीडी नेटवर्क का विकास करने के लिए पीएनजीआरबी द्वारा प्राधिकृत सीजीडी कम्पनियों की सूची अनुलग्नक में दी गई है।
माँग आंकलन, तकनीकी-वाणिज्यिक व्यवहार्यता और औद्योगिक यूनिटों एवं प्राधिकृत कम्पनियों के बीच किए गए पारस्परिक करार के आधार पर सीजीडी कम्पनियों द्वारा उद्योगों को आपूर्ति की जाती है। दिनाँक 30.11.2022 की स्थिति के अनुसार, प्राधिकृत कम्पनियों द्वारा 341 सीएनजी स्टेशन स्थापित किए गए हैं और 1418 औद्योगिक ग्राहकों को पीएनजी कनेक्शन उपलब्ध कराया गया है।

****

हरियाणा और एनसीआर में सीएनजी/पीएनजी की उपलब्धता के संबंध में दिनांक 06.02.2023 **को पूछे गए राज्यसभा अतारांकित प्रश्न संख्या** 461 **के भाग (क) से (घ) के उत्तर में उल्लिखित अनुलग्नक**

पीएनजी और सीएनजी कनेक्शनों का विवरण

क्र .सं.	**भौगोलिक क्षेत्र/ सीजीडी नेटवर्क्स**	**राज्य/ संघ शासित प्रदेश**	**अधिकृत सीजीडी कंमनी**	**औद्योगिक पीएनजी कनेक्शन**	**सीएनजी स्टेशन**
1.	चंडीगढ़	चंडीगढ़ (संघ शासित प्रदेश), हरियाणा, पंजाब और हिमाचल प्रदेश	इंडियन-ऑयल अडानी गैस प्राइवेट लिमिटेड	19	24
2.	सोनीपत	हरियाणा	गेल गैस लिमिटेड	189	25
3.	पानीपत जिला	हरियाणा	इंडियन-ऑयल अडानी गैस प्राइवेट लिमिटेड	51	15
4.	यमुनानगर जिला	हरियाणा	भारत पेट्रोलियम कॉर्पोरेशन लिमिटेड	0	8
5.	रेवाड़ी जिला	हरियाणा	इंद्रप्रस्थ गैस लिमिटेड	114	25
6.	रोहतक जिला	हरियाणा	भारत पेट्रोलियम कॉर्पोरेशन लिमिटेड	0	12
7.	करनाल जिला	हरियाणा	इंद्रप्रस्थ गैस लिमिटेड	43	18
8.	अंबाला और कुरुक्षेत्र के जिले	हरियाणा	एचपीओआईएल गैस प्राइवेट लिमिटेड	0	14
9.	भिवानी, चरखी दादरी और महेंद्रगढ़ के जिले	हरियाणा	अडानी टोटल गैस लिमिटेड	0	29
10.	हिसार जिला	हरियाणा	एचसीजी (केसीई) प्राइवेट लिमिटेड	0	02
11.	झज्जर जिला	हरियाणा	हरियाणा सिटी गैस (केसीई) प्राइवेट लिमिटेड	42	06
12.	सोनीपत जिला (ईएएए) और जींद जिला	हरियाणा	हिंदुस्तान पेट्रोलियम कॉर्पोरेशन लिमिटेड	9	20
13.	नूंह और पलवल के जिले	हरियाणा	अडानी टोटल गैस लिमिटेड	52	29
14.	कैथल जिला	हरियाणा	इंद्रप्रस्थ गैस लिमिटेड	0	12
15.	पंचकुला जिला (ईएएए), सिरमौर, शिमला और सोलन (ईएएए) के जिले	हरियाणा और हिमाचल प्रदेश	इंडियन-ऑयल अडानी गैस प्राइवेट लिमिटेड	0	09
16.	सिरसा, फतेहाबाद और मनसा (पंजाब) के जिले	हरियाणा और पंजाब	गुजरात गैस लिमिटेड	0	17
17.	गुरुग्राम	हरियाणा	हरियाणा सिटी गैस डिस्ट्रीब्यूशन लिमिटेड	319	32
18.	गुरुग्राम (आईजीएल)	हरियाणा	इंद्रप्रस्थ गैस लिमिटेड	41	15
19.	फरीदाबाद	हरियाणा	अडानी टोटल गैस लिमिटेड	539	29
20.	फरीदाबाद	हरियाणा	इंद्रप्रस्थ गैस लिमिटेड	0	0

****